# SKY TECHNOLOGY OF COMPUTER INSTITUTE

# Microsoft PowerPoint क्या है?

- DECEMBER 19, 2022
- MICROSOFT POWERPOINT (HINDI)

Microsoft PowerPoint एक बहुत ही उपयोगी एप्लिकेशन है इसका उपयोग डिजिटल प्रस्तुतियों (Presentations) को बनाने के लिए किया जाता है। हम इस एप्लिकेशन का उपयोग करके किसी भी तरह का प्रेजेंटेशन बना सकते हैं जैसे – किसी कक्षा को पढ़ाने के लिए, बेचने के लिए एक उत्पाद पेश करना या किसी विषय या योजना की व्याख्या करना आदि। Microsoft PowerPoint एक ऐसा एप्लिकेशन है जो मल्टीमीडिया स्लाइड्स को डिज़ाइन करने के लिए एक ग्राफ़िकल इंटरफ़ेस प्रदान करता है। इसकी मदद से हम बनाई गई प्रस्तुति (Presentation) को प्रोजेक्टर या पर्सनल कंप्यूटर का उपयोग करके दर्शकों को दिखा सकते हैं। PowerPoint Presentation बनाने के लिए हम चित्रों, ध्वनियों, वीडियो क्लिप, टेक्स्ट और चार्ट आदि का उपयोग कर सकते हैं। हम अधिक आकर्षक प्रेजेंटेशन बनाने के लिए इस अप्लीकेशन में साउन्ड और एनीमेशन प्रभाव का भी उपयोग कर सकते हैं। Microsoft PowerPoint को Microsoft Corporation द्वारा विकसित किया गया है, यह एक प्रेजेंटेशन एप्लिकेशन है और इसका एक्सटेंशन नाम *.pptx होता है।

**Topics in this Post** show

Microsoft PowerPoint अप्लीकेशन को कंप्यूटर पर कैसे खोलें?


पर्सनल कंप्यूटर पर पॉवरपॉइंट खोलने के कई तरीके हैं, लेकिन मुख्य दो तरीके नीचे बताए गए हैं।

- Start menu>All Programs>Microsoft Office>Microsoft PowerPoint>Enter.
- Start menu>Run> Type: “powerpnt”>Enter

उपरोक्त मे से किसी भी मेथड का उपयोग करने के बाद, Microsoft PowerPoint की एप्लिकेशन विंडो निम्न प्रकार से प्रदर्शित होगी।

SKY TCI

## Microsoft PowerPoint की अप्लीकेशन विंडो




Microsoft PowerPoint एप्लिकेशन पिछले संस्करणों के तुलना मे काफी अलग है। प्रेजेंटेशन को आसान और तेज़ बनाने के लिए इसमें नई शैलियाँ शामिल की गई हैं। पिछले संस्करणों में एप्लिकेशन मेनू, विकल्प और टूलबार पर निर्भर करता करता था, लेकिन PowerPoint 2007 संस्करण के साथ माइक्रोसॉफ्ट ने कुछ बदलाव किए जो नीचे दिए गए हैं।

## Microsoft PowerPoint अप्लीकेशन विंडो के मुख्य अवयव

**Office Button –** एक बटन जो File Menu की जगह इस्तेमाल किया जाता है। Microsoft Office बटन ने पिछले संस्करणों में फ़ाइल मेनू को बदल दिया है। इस बटन के अंतर्गत New, Open, Save, Print और Recent Presentations तथा Settings आदि विकल्प मौजूद होते है।

**Quick Access Toolbar –** इस टूलबार मे ऐसे विकल्प मौजूद होते है जिनका इस्तेमाल बार-बार किया जाता है। इस टूलबार के ऑप्शन्स को यूजर अपने अनुसार कास्टमाइज भी कर सकता है।

**Title Bar –** एप्लिकेशन विंडो के शीर्ष पर एक पट्टी होती है, जो एप्लिकेशन और प्रेजेंटेशन का नाम प्रदर्शित करती है। टाइटल बार के दाहिने छोर पर मिनिमाइज, रिस्टोर और क्लोज बटन भी मौजूद होते है, जिनकी मदद से प्रेजेंटेशन को मिनमाइज़, रिस्टोर तथा बंद किया जा सकता है।

**Tabs –** टाइटल बार के नीचे का क्षेत्र जिसमें डिफ़ॉल्ट रूप से 7 टैब प्रदर्शित होते है, टैब्स विकल्पों के अनुसार समूहों में व्यवस्थित होते हैं। इनमे डिफ़ॉल्ट टैब Home होता है, बाकी अन्य Insert, Design, Animation, Slide Show, Review और View होते हैं।

**Ribbon –** टैब के नीचे का क्षेत्र जिसमें चयनित टैब से संबंधित विकल्प प्रदर्शित होते हैं, रिबन कहलाता है। CTRL + F1 कुंजी दबाकर रिबन को हाइड/अनहाइड भी किया जा सकता है।

**Slide –** यह प्रेजेंटेशन स्लाइड बनाने के लिए एक पेज होता है, यह अप्लीकेशन विंडो के मध्य मे प्रदर्शित होता है।

**Slide and Outline Pane –** स्लाइड पेज के बाईं ओर स्थित एक फलक विंडो जो दो भागों में विभाजित होती है, Slide और Outline. Slide का उपयोग सम्मिलित की गई स्लाइड को थंबनेल मोड में प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है, तथा Outline का उपयोग स्लाइड में उपयोग किए गए शीर्षकों (Headings) को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

**Place Holders –** प्लेस होल्डर्स का उपयोग डेटा को जोड़ने के लिए किया जाता है, जैसे – हेडिंग, टेक्स्ट, ऑब्जेक्ट, वीडिओ आदि।

**Status Bar –** यह अप्लीकेशन विंडो के निचले हिस्से मे प्रदर्शित होती है, जो सक्रिय प्रेजेंटेशन के बारे में जानकारियाँ प्रस्तुत करती है।

**View Toolbar –** व्यू टूलबार का उपयोग स्लाइड पेजों के विभिन्न दृश्यों को Normal, Slide Sorter और Slide Show रूप में प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

**Zoom Button –** जूम बटन का उपयोग स्लाइड पेज को बड़ा (Zoom In) या छोटा (Zoom Out) करने के लिए किया जाता है।

# Microsoft PowerPoint मे Office Button का उपयोग क्या है?

- DECEMBER 19, 2022
- MICROSOFT POWERPOINT (HINDI)

PowerPoint Office Button क्या है?

Microsoft Office बटन अप्लीकेशन विंडो के ऊपरी-बाएँ कोने में स्थित होती है, जो Microsoft Office Logo के रूप मे प्रदर्शित होती है। इस Office Button में प्रेजेंटेशन को मैनेज करने के लिए कई विकल्प मौजूद होते हैं, जैसे नया प्रेजेंटेशन जोड़ना, प्रेजेंटेशन को खोलना और सेव करना, प्रेजेंटेशन को प्रिंट करना और पब्लिश करना आदि। इसके अलावा इस बटन का उपयोग करके Display, Proofing, Spelling & Grammar, Add-In आदि से संबंधित विकल्पों से संबंधित सेटिंग्स भी कर सकते हैं। Microsoft PowerPoint Office Button के सभी विकल्पों के उपयोग के बारे मे नीचे डीटेल मे बताया गया है।


Microsoft PowerPoint Office Button के ऑप्शन्स

**New (Ctrl+n) –** इस विकल्प का प्रयोग नया ब्लैंक प्रेजेंटेशन या टेंपलेट इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।
**Open (ctrl+o) –** इस विकल्प का प्रयोग मेमोरी में सहेजी गई किसी भी प्रेजेंटेशन को खोलने के लिए किया जाता है।
**Save (Ctrl+s)** – इस विकल्प का प्रयोग वर्तमान प्रेजेंटेशन को सेव करने के लिए किया जाता है।
**Save As –** इस विकल्प का उपयोग किसी संपादित प्रेजेंटेशन को नए नाम से पुनः सहेजने के लिए या प्रेजेंटेशन को अन्य वर्ज़न जैसे 97, 2000, 2003 आदि की फ़ाइल फॉर्मेट में सहेजने के लिए किया जाता है। अगर किसी PowerPoint प्रेजेंटेशन को PowerPoint Show फॉर्मेट मे सेव करते है, तो यह फाइल PowerPoint अप्लीकेशन मे न खुलकर डायरेक्ट प्ले होती है।
**Print (ctrl+p) –** इस विकल्प के द्वारा प्रेजेंटेशन को प्रिन्ट कर सकते है, या प्रेजेंटेशन का प्रिंट प्रीव्यू देख सकते हैं।

SKY ICI

**Prepare –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन की प्रॉपर्टी दर्ज करने के लिए, प्रेजेंटेशन को एन्क्रिप्ट करने के लिए और प्रतिबंधित अनुमतियों को लागू करने के लिए, प्रेजेंटेशन को इंस्पेक्ट आदि करने के लिए किया जाता है। इस विकल्प के द्वारा किसी प्रेजेंटेशन की कम्पैटिबिलटी चेक कर सकते है, कि वह वर्तमान वर्ज़न के साथ सपोर्टबल है या नहीं।
**Send –** इस विकल्प का उपयोग ई-मेल या फैक्स के द्वारा प्रेजेंटेशन को भेजने के लिए किया जाता है।
**Publish –** इस विकल्प का उपयोग ब्लॉग या वेबसाइट के लिए प्रेजेंटेशन को प्रकाशित करने के लिए किया जाता है।
**Close –** इस विकल्प का उपयोग वर्तमान प्रेजेंटेशन को बंद करने के लिए किया जाता है।
**PowerPoint Options –** यह विकल्प PowerPoint एप्लिकेशन की सेटिंग्स को मैनेज करने के लिए उपयोग किया जाता है।
**Exit PowerPoint (alt+f4) –** इस ऑप्शन का प्रयोग PowerPoint एप्लिकेशन को बंद करने के लिए किया जाता है।

# PowerPoint मे Home Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint मे Home Tab का उपयोग प्रेजेंटेशन स्लाइड को संपादित, ड्राइंग और डेकोरेट करने के लिए किया जाता है, यह डिफ़ॉल्ट टैब होता है। Home Tab का रिबन Clipboard, Slides, Font, Paragraph, Drawing और Editing नाम के साथ कई सेक्शन्स मे बटा होता है। Microsoft PowerPoint मे Home Tab का उपयोग क्या है, Home Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Clipboard**

- •**Cut (ctrl+x) –** इस विकल्प का उपयोग सेलेक्ट किये हुए डाटा को कट के लिए किया जाता है, ताकि उसे किसी दूसरे स्थान पर मूव किया जा सके।
- •**Copy (ctrl+c) –** इस विकल्प का उपयोग सेलेक्ट किये हुए डाटा को कॉपी करने के लिए किया जाता है।
- •**Paste (ctrl+v) –** इस विकल्प का उपयोग कट या कॉपी किये हुए डाटा को पेस्ट करने के लिए किया जाता है।
- •**Paste Special (alt+ctrl+v) –** इस विकल्प का उपयोग सोर्स डेटा से लिंक बनाकर कट या कॉपी किए गए डेटा को पेस्ट करने के लिए किया जाता है। लिंक के साथ पेस्ट करने के बाद, यदि सोर्स डाटा अपडेट या डिलीट किया जाता है तो पेस्ट किया हुआ डेटा भी अपडेट या डिलीट हो जाएगा।
- •**Paste as Hyperlink –** इस विकल्प का उपयोग डेटा को हाइपरलिंक के रूप में पेस्ट करने के लिए किया जाता है।
- •**Format Painter –** इस विकल्प का उपयोग फॉर्मेटिंग को कॉपी और पेस्ट करने के लिए किया जाता है। इस ऑप्शन का प्रयोग करने के लिए जिस टेक्स्ट की फॉर्मैटिंग कॉपी करनी है

उस टेक्स्ट पर कर्सर रखें, फिर Format Painter ऑप्शन पर क्लिक करे। इसके बाद जिस टेक्स्ट पर फॉर्मैटिंग अप्लाई करनी है उस टेक्स्ट को सिलेक्ट करेंगे।

**Slides**

- **New Slide (ctrl+m) –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन मे नई स्लाइड को जोड़ने के लिए किया जाता है।
- **Duplicate Slide (ctrl+d) –** इस विकल्प का उपयोग वर्तमान स्लाइड को डुप्लीकेट करने के लिए किया जाता है।
- **Layout –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड के लेआउट को बदलने के लिए किया जाता है।
- **Reset –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड के लेआउट को डिफ़ॉल्ट रूप में रीसेट करने के लिए किया जाता है।
- **Delete (Del) –** इस विकल्प का उपयोग वर्तमान स्लाइड को प्रेजेंटेशन से हटाने के लिए किया जाता है।

**Font**

- **Font –** इस विकल्प का उपयोग पाठ्य सामग्री के लिए विभिन्न फॉन्ट शैलियों का चयन करने के लिए किया जाता है।
- **Font Size –** इस विकल्प के द्वारा सेलेक्टेड टेक्स्ट का साइज बदला जा सकता है।
- **Bold (ctrl+b) –** इस विकल्प के द्वारा सेलेक्टेड टेक्स्ट को बोल्ड बनाया जाता है।
- **Italic (ctrl+i) –** इस विकल्प के द्वारा सेलेक्टेड टेक्स्ट को इटैलिक बनाया जाता है।
- **Underline (Ctrl+u) –** इस विकल्प का उपयोग करके सेलेक्टेड टेक्स्ट के नीचे लाइन खींच सकते है।
- **Strikethrough –** इस विकल्प का उपयोग सेलेक्टेड टेक्स्ट के बीच में लाइन खीचनें के लिए किया जाता है।
- **Text Shadow –** इस विकल्प का प्रयोग करके सेलेक्ट किये हुए टेक्स्ट में शैडो जोड़ा सकता है।
- **Character Spacing –** इस विकल्प का उपयोग करके सेलेक्टेड टेक्स्ट के कैरेक्टर्स के बीच की दूरी को कम या ज्यादा किया जाता है।
- **Change Case –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट को अपर, लोअर, सेंटेंस, टॉगल केस के साथ बदलने के लिए किया जाता है।
- **Increase Font Size (ctrl+shift+>) –** इस ऑप्शन का इस्तेमाल फॉन्ट के साइज बढ़ाने के लिए किया जाता है।
- **Decrease Font Size (ctrl+shift+<) –** इस ऑप्शन का इस्तेमाल फॉन्ट के साइज को कम करने के लिए किया जाता है।
- **Clear Formatting –** यह विकल्प सेलेक्टेड टेक्स्ट से सभी फॉर्मैटिंग को क्लीयर करता है, और टेक्स्ट को सादा बनाता है।
- **Font Color –** इस ऑप्शन का उपयोग टेक्स्ट कलरफुल बनाने के लिए किया जाता है।

**Paragraph**

- **Left Align (ctrl + l) –** यह विकल्प टेक्स्ट को बाईं मार्जिन की तरफ ले जाता है।
- **Center Align ( ctrl + e ) –** यह विकल्प टेक्स्ट को बाईं और दाईं मार्जिन के केंद्र मे ले जाता है।
- **Right Align (ctrl + r) –** यह विकल्प टेक्स्ट को दायीं मार्जिन की तरफ ले जाता है।

•**Justify (ctrl+j) –** यह ऑप्शन टेक्स्ट को दोनों मार्जिन से बराबर एडजस्ट करने के लिए किया जाता है।
•**Line Spacing –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट लाइन या पैराग्राफ के बीच स्पेस को एडजस्ट करने के लिए किया जाता है।
•**Bullets –** इस विकल्प का उपयोग करके किसी भी विषय की सामग्री का वर्णन करने के लिए बुलेट सूची (Bullet List) बना सकते है।
•**Numbering –** इस विकल्प का उपयोग करके किसी भी विषय की सामग्री का ऑर्डर मे वर्णन करने के लिए नंबर सूची (Number List) बना सकते है।
•**Increase Indent –** इस विकल्प का उपयोग इंडेंट पोजीशन को बढ़ाने के लिए किया जाता है, ताकि हम किसी पैराग्राफ या लाइन को दायीं ओर ले जा सकें।
•**Decrease Indent –** इस विकल्प का उपयोग इंडेंट पोजीशन को कम करने के लिए किया जाता है, ताकि हम किसी पैराग्राफ या लाइन को बायीं ओर ले जा सकें।
•**Column –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट सामग्री को दो या दो से अधिक कॉलम में विभाजित करने के लिए किया जाता है।
•**Text Direction –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट की दिशा को वर्टिकल, स्टैक्ड में बदलने या टेक्स्ट को वांछित दिशा में घुमाने के लिए किया जाता है।
•**Align Text –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट को बॉक्स के केंद्र, ऊपर, नीचे आदि के रूप में संरेखित (Align) करने के लिए किया जाता है।
•**Convert to SmartArt –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट या सूची को स्मार्टआर्ट ग्राफिक्स में बदलने के लिए किया जाता है।

**Drawing**


•**Insert Shapes –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड्स में अलग-अलग शेप्स जोड़ने के लिए किया जाता है।
•**Arrange –** इस विकल्प का उपयोग करके स्लाइड पर एक से अधिक ऑब्जेक्ट को अलाइन कर सकते हैं। इस विकल्प के द्वारा हम एक से अधिक ऑब्जेक्ट्स को Order, Align Position, Rotate और Group आदि विकल्पों का उपयोग करके व्यवस्थित कर सकते हैं।
•**Quick Styles –** इस विकल्प का उपयोग किसी प्लेस होल्डर के लिए विभिन्न रंगों के साथ विभिन्न दृश्य वाली स्टाइल को चुनने के लिए किया जाता है।
•**Shape Fill –** इस विकल्प का उपयोग सेलेक्टेड शेप को सॉलिड कलर, ग्रेडिएंट, पिक्चर या टेक्सचर आदि से भरने के लिए किया जाता है।
•**Shape Outline –** इस विकल्प का उपयोग चयनित शेप की आउटलाइन के लिए रंग, चौड़ाई और रेखा शैली को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है।
•**Shape Effects –** इस विकल्प का उपयोग किसी शेप के लिए छाया प्रभाव को ऊपर, नीचे, दाएं और बाएं या किसी भी आकार में लागू करने के लिए किया जाता है।

**Editing**

•**Find (ctrl+f) –** इस ऑप्शन का उपयोग स्लाइड में किसी टेक्स्ट को खोजने के लिए किया जाता है।
•**Replace (Ctrl+h) –** इस ऑप्शन का प्रयोग किसी भी टेक्स्ट को नए टेक्स्ट से रिप्लेस करने के लिए किया जाता है। उपयोगकर्ता Replace All विकल्प के द्वारा एक बार मे एक से अधिक टेक्स्ट को रिप्लेस कर सकता है।
•**Replace Font –** इस विकल्प का प्रयोग करके चयनित टेक्स्ट के फॉन्ट को किसी दूसरे फॉन्ट से बदला जा सकता है।

•**Select –** इस ऑप्शन का उपयोग स्लाइड में टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट को सेलेक्ट करने के लिए किया जाता है।

## PowerPoint मे Insert Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint मे Insert Tab का उपयोग प्रेजेंटेशन स्लाइड के लिए सामग्री जैसे कि – टेबल, पिक्चर, शेप, चार्ट्स, टेक्स्ट बॉक्स, सिम्बल्स, लिंक्स, मूवी, साउन्ड आदि जोड़ने के लिए किया जाता हैं। Insert Tab का रिबन Table, Illustrations, Links, Text और Media Clips नाम के साथ कई सेक्शन्स मे बटा होता है। Microsoft PowerPoint मे Insert Tab का उपयोग क्या है, Insert Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Tables**

•**Insert Table –** इस विकल्प का उपयोग Row और Column संख्या को सिलेक्ट करके स्लाईड मे टेबल जोड़ने के लिए किया जाता है।
•**Draw Table –** इस विकल्प का उपयोग करके उपयोगकर्ता पेंसिल द्वारा टेबल बना सकता है।
•**Excel Spreadsheet –** यह विकल्प स्लाइड में एक्सेल वर्कशीट इन्सर्ट करता है।

**Illustrations**

•**Picture –** इस विकल्प का उपयोग कंप्यूटर मेमोरी से वर्तमान स्लाइड में चित्र डालने के लिए किया जाता है।
•**Clip Art –** इस विकल्प के साथ उपयोगकर्ता किसी विशिष्ट अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए स्लाइड्स में रेडीमेड क्लिप आर्ट सम्मिलित कर सकता है, जैसे – चित्र, फिल्में, ध्वनियाँ या स्टॉक फ़ोटोग्राफ़ी आदि।
•**Photo Album –** इस विकल्प के द्वारा यूजर फोटो एलबम बना सकता है, इसके लिए यूजर पिक्चर का फ़ोल्डर सिलेक्ट करके सभी पिक्चर्स को औटोमेटिक अलग-अलग स्लाईड मे इन्सर्ट करा सकता है।
•**Shape –** यह विकल्प स्लाइड में तैयार आकृतियों को सम्मिलित करता है, जैसे आयताकार और वृत्त, रेखाएँ और तीर, फ़्लो चार्ट प्रतीक और कॉलआउट आदि।
•**Smart Art –** इस विकल्प के साथ उपयोगकर्ता ट्री टाइप चार्ट, संगठन चार्ट, पदानुक्रम चार्ट, चक्र चार्ट, पिरामिड चार्ट आदि से संबंधित ग्राफिकल रेडी-मेड चार्ट सम्मिलित कर सकता है।
•**Chart –** यह विकल्प डेटा को दर्शाने और तुलना करने के लिए चार्ट सम्मिलित करता है। यूजर कई तरह के चार्ट जैसे पाई, बार, लाइन, एरिया और सरफेस आदि जोड़ सकते हैं।

**Links**

•**Hyperlink (ctrl+k) –** इस ऑप्शन के द्वारा स्लाइड्स की जानकारी के लिए विभिन्न प्रकार से हाइपरलिंक जोड़ सकते हैं, जैसे – स्लाईड पेज, वेब पेज, फाइल, फोल्डर, पिक्चर या प्रोग्राम आदि।

•**Action –** इस विकल्प का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट में एक्शन जोड़ने के लिए किया जाता है, यह निर्दिष्ट करने के लिए कि उपयोगकर्ता द्वारा उस पर क्लिक करने पर क्या होना चाहिए। उपयोगकर्ता किसी प्रोग्राम, फाइल, अगली स्लाईड, पिछली स्लाईड आदि के एक्शन बना सकता है।


**Text**

•**Text Box –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड में पूर्व-स्वरूपित टेक्स्ट बॉक्स डालने के लिए किया जाता है।
•**Header & Footer –** इस विकल्प का प्रयोग स्लाईड के Header & Footer को संपादित करने के लिए किया जाता है। यह प्रत्येक प्रिंटेड स्लाइड पेज के ऊपर या नीचे दिखाई देता है। हेडर या फूटर के अंतर्गत हम पेज नंबर, डेट, टाइम, कोई टेक्स्ट, लोगों आदि जोड़ सकते हैं।
•**Word Art –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड में डेकोरेटिव टेक्स्ट जोड़ने के लिए किया जाता है।
•**Date & Time –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड में दिनांक और समय जोड़ने के लिए किया जाता है।
•**Slide Number –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन में स्लाइड नंबर जोड़ने के लिए किया जाता है।
•**Symbols –** यह विकल्प उन विशेष चिन्हों या सिंबल्स को सम्मिलित करने के लिए उपयोग किया जाता है जो कीबोर्ड में मौजूद नहीं हैं।
•**Object –** यह विकल्प कंप्यूटर पर स्थापित किसी प्रोग्राम या एप्लिकेशन के एम्बेडेड ऑब्जेक्ट को सम्मिलित करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**Media Clips**

•**Movie –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन में विडिओ क्लिप या एनिमेटेड क्लिप पिक्चर जोड़ने के लिए किया जाता है।
•**Sound –** इस ऑप्शन का प्रयोग स्लाइड में साउंड जोड़ने के लिए किया जाता है। साउन्ड को कोई माध्यमों से जोड़ा जा सकता है जैसे- फाइल के रूप मे, क्लिप ऑर्गनाइज़र के द्वारा, CD के द्वारा या रिकार्ड करके।

# PowerPoint मे Design Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint मे Design Tab का उपयोग प्रेजेंटेशन स्लाइड को थीम्स, कलर, बैकग्राउन्ड आदि का उपयोग करके सजा सकते हैं। इस टैब मे कई सारी थीम्स का सेट मिलता है जिसे स्लाइड पर अप्लाई किया जा सकता है। Design Tab का रिबन Page Setup, Themes और Background नाम के साथ कई सेक्शन्स मे विभाजित होता है। Microsoft PowerPoint मे Design Tab का उपयोग क्या है, Design Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Page Setup**

•**Page Setup –** यह विकल्प एक डायलॉग बॉक्स प्रदर्शित करता है जिसका उपयोग स्लाइड के ओरिएंटेशन और आकार को सेट करने के लिए किया जाता है।

- **Slide Orientation –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड के ओरिएंटेशन को लैंडस्केप या पोर्ट्रेट मोड में बदलने के लिए किया जाता है।

**Themes**

- **Themes –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन स्लाइड के लिए पूर्व-स्वरूपित थीम्स को चुनने और लागू करने के लिए किया जाता है।
- **Color –** इस विकल्प का उपयोग चयनित थीम के रंग बदलने के लिए किया जाता है।
- **Fonts –** इस विकल्प का उपयोग चयनित थीम की फ़ॉन्ट शैलियों को बदलने के लिए किया जाता है।
- **Effects –** इस विकल्प का उपयोग चयनित थीम के प्रभाव को बदलने के लिए किया जाता है।

**Background**

- **Background Styles –** इस विकल्प का उपयोग वर्तमान स्लाइड पर विभिन्न बैकग्राउंड स्टाइल को चुनने और लागू करने के लिए किया जाता है।
- **Hide Background Graphic –** इस विकल्प का उपयोग वर्तमान स्लाइड के लिए बैकग्राउंड ग्राफ़िक को छिपाने के लिए किया जाता है, ताकि स्लाइड साधारण पाठ आधारित दिखाई दे।

Prev
Next

**अन्य नई पोस्ट –**

- NIELIT CCC Internet & Digital Services Practice Set 100 Questions with Answer in Hindi
- 50+ Most Useful Keyboard Shortcuts for Windows Operating System in Hindi | विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए 50+ महत्वपूर्ण कीबोर्ड शॉर्टकट्स
- 90+ Microsoft Excel Most Useful Shortcut Keys in Hindi | एमएस एक्सेल की 90+ महत्वपूर्ण शॉर्टकट कुंजीयाँ।
- Microsoft Word Very Useful 50+ Shortcut Keys | एमएस वर्ड की 50 से भी अधिक महत्वपूर्ण शॉर्टकट कुंजीयाँ।
- Variables in C Language in Hindi : C लैंग्वेज मे वेरिएबल क्या होते हैं?

# PowerPoint मे Animation Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint मे Animation Tab का उपयोग ऑब्जेक्ट्स, टेक्स्ट और स्लाइडों के लिए एनीमेशन और ट्रैन्ज़िशन प्रभावों को सेट करने के लिए किया जाता हैं। हम इस टैब के द्वारा स्लाइड की स्पीड, साउन्ड इफेक्ट व और स्लाइड को प्ले करने का तरीका सेट कर सकते हैं। Animation Tab का रिबन Previews, Animations और Transition to This Slide नाम से सेक्शन्स मे विभाजित होता है। Microsoft PowerPoint मे Animation Tab का उपयोग क्या है, Animation Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Previews**

- **Preview –** यह विकल्प एनिमेशन और स्लाइड पर लागू स्लाइड ट्रैन्ज़िशन इफेक्ट का प्रीव्यू देखने के लिए उपयोग किया जाता है।


**Animations**

- **Animate –** इस विकल्प का उपयोग सूची से किसी भी ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट के लिए एनीमेशन को चुनने और लागू करने के लिए किया जाता है।
- **Custom Animation –** यह विकल्प एक कस्टम एनीमेशन विंडो प्रदर्शित करता है, जिससे हम अधिक वर्गीकृत एनिमेशन का प्रीव्यू देखकर सिलेक्ट किए गए ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट पर लागू कर सकते हैं।

**Transition to This Slide**

- **Transition to This Slide –** इस विकल्प के द्वारा हम स्लाइड परिवर्तन के दौरान स्लाइड्स पर लागू करने के लिए कई ट्रैन्ज़िशन प्रभाव देख सकते हैं। चुने हुए ट्रैन्ज़िशन प्रभाव को सेलेक्टेड स्लाइड पर या सभी स्लाइड पर एक साथ लागू किया जा सकता है।
- **Transition Sound –** यह विकल्प स्लाइड परिवर्तन के दौरान साउन्ड इफेक्ट का चयन करने के लिए उपयोग किया जाता है। सूची मे कुछ डिफ़ॉल्ट साउन्ड इफेक्ट उपलब्ध होते है जिन्हे स्लाइड चेंज होने पर सेट कर सकते हैं, इसके अलावा कंप्युटर मेमोरी से भी साउन्ड इफेक्ट को सिलेक्ट किया जा सकता है।
- **Transition Speed –** इस विकल्प का उपयोग सेलेक्टेड ट्रांजिशन की स्पीड को तेज, मध्यम या धीमी गति से सेट करने के लिए किया जाता है।
- **Apply to All –** इस विकल्प का उपयोग सभी स्लाइड्स पर वर्तमान ट्रांजिशन, स्पीड और साउन्ड इफेक्ट को सेट करने के लिए किया जाता है।
- **On Mouse Click –** इस विकल्प को टिक करके हम माउस क्लिक द्वारा सभी स्लाइड व उनकी सामग्री को चला सकते हैं।
- **Automatically After –** इस विकल्प को टिक करके हम सभी स्लाइड व उनकी सामग्री को दिए गए समय के अनुसार स्वचालित रूप से चला सकते हैं।

## PowerPoint मे Slide Show Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint मे Slide Show Tab का उपयोग करके प्रेजेंटेशन को अलग-अलग तरीके से प्ले करा सकते हैं, जैसे चुनी हुई स्लाइडों को प्ले कराना। इसके अलावा नरेशन रिकॉर्डिंग, रिहर्स टाइमिंग, प्रजेंटर व्यू आदि का इस्तेमाल करके प्रेजेंटेशन को प्ले करा सकते हैं। Slide Show Tab का रिबन Start Slide Show, Set Up और Monitors नाम के साथ कई सेक्शन्स मे विभाजित होता है। Microsoft PowerPoint मे Slide Show Tab का उपयोग क्या है, Slide Show Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Start Slide Show**

- **From Beginning –** इस विकल्प का उपयोग पहली स्लाइड से प्रेजेंटेशन स्लाइड शो दिखाने के लिए किया जाता है।
- **From Current Slide –** इस विकल्प का उपयोग एक्टिव स्लाइड से प्रेजेंटेशन स्लाइड शो दिखाने के लिए किया जाता है।
- **Custom Slide Show –** इस विकल्प का उपयोग चयनित स्लाइड्स के साथ प्रेजेंटेशन स्लाइड शो दिखाने के लिए किया जाता है।

**Set Up**


- **Set Up Slide Show –** यह विकल्प स्लाइड शो प्रकार के प्रकार को सेटअप करने के लिए एक विंडो खोलता है, इस ऑप्शन के द्वारा हम स्लाइड शो को लूपिंग मोड रूप में सेट कर सकते हैं, एनीमेशन के बिना स्लाइड शो या चयनित स्लाइड्स के लिए स्लाइड शो सेट कर सकते हैं।
- **Hide Slide –** यह विकल्प चयनित स्लाइड को हाइड कर देता है, ताकि वह स्लाइड शो व्यू में प्रदर्शित न हो।
- **Record Narration –** यह विकल्प माइक्रोफ़ोन का उपयोग करके वर्तमान प्रस्तुति के लिए एक कथन ट्रैक रिकॉर्ड करता है। रिकॉर्डेड कथन स्लाइड शो के दौरान प्लेबैक करता है।
- **Rehearse Timing –** यह विकल्प स्लाइड समय रिकॉर्ड करने के लिए उपयोग किया जाता है, स्लाइड समय का उपयोग करके हम प्रत्येक ऑब्जेक्ट के लिए समय रिकॉर्ड कर सकते हैं, ताकि प्रत्येक स्लाइड और ऑब्जेक्ट्स को देखने में जितना समय लगे स्लाइड उतनी देर प्ले हो।
- **Use Rehearse Timing –** इस विकल्प के द्वारा रिकॉर्डिड रिहर्स टाइमिंग को प्रेजेंटेशन मे इस्तेमाल करने के लिए ऑन/ऑफ कर सकते हैं।

**Monitors**

- **Resolution –** किसी विशिष्ट रेजोल्यूशन मोड में प्रस्तुति को देखने-दिखाने के लिए इस विकल्प का उपयोग किया जाता है।
- **Show Presentation On –** यह विकल्प तब काम करता है जब प्रेजेंटेशन दिखाने के लिए एक से अधिक मॉनिटर या स्क्रीन का उपयोग किया जाता है। यदि केवल एक मॉनीटर उपयोग मे है, तो यह विकल्प कार्य नहीं करता है। इस विकल्प के द्वारा हम प्रस्तुति दिखाने के लिए एक विशिष्ट स्क्रीन सेट कर सकते हैं।
- **Use Presenter View –** प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने के लिए पावरपॉइंट में प्रस्तुतकर्ता दृश्य (Presenter View) एक बेहतरीन ऑप्शन है। इस मोड में एक प्रस्तुतकर्ता प्रेजेंटेशन को प्रेजेंट करते समय अपने स्पीकर नोट्स, शेष समय और अन्य विकल्पों के साथ अगली स्लाइड को पहले ही देख सकता है, जिससे वह नेक्स्ट स्लाइड के लिए पहले से प्रीपेयर सके। इस टूल का उपयोग करने के लिए कम से कम दो मॉनिटर की आवश्यकता होती है, एक प्रस्तुतकर्ता के लिए और दूसरा दर्शकों के लिए।

Prev
Next

# PowerPoint मे Review Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint में Review Tab का उपयोग स्लाइड मे लिखे टेक्स्ट की स्पेलिंग और व्याकरण संबंधित गलतियों की जाँच करने, टिप्पणियाँ आदि जोड़ने के लिए किया जाता है। Microsoft PowerPoint में Review Tab के रिबन को Proofing, Comments और Protect नाम से कई सेक्शन में विभाजित किया गया है। Microsoft PowerPoint मे Review Tab का उपयोग क्या है, Review Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Proofing**

- **Spelling –** इस ऑप्शन का प्रयोग स्लाइड में लिखे गए टेक्स्ट की स्पेलिंग और ग्रामेटिकल मिस्टेक चेक करने के लिए किया जाता है।
- **Research –** इस विकल्प का संदर्भ सामग्री जैसे- शब्दकोशों, इनसाइक्लोपीड़िया और अनुवाद सेवाओं आदि की खोज के लिए एक रिसर्च विंडो खोलता है।
- **Thesaurus –** यह विकल्प सुझाए गए शब्द से संबंधित कई समान अर्थों वाले शब्दों के रिजल्ट प्रस्तुत करता है।
- **Translate –** यह विकल्प चयनित टेक्स्ट को अलग-अलग भाषाओं में अनुवादित करता है। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए, भाषाओं की सर्विस कंप्यूटर पर स्थापित होनी चाहिए।
- **Language –** इस विकल्प का उपयोग चयनित टेक्स्ट की स्पेलिंग और व्याकरण की जाँच करने के लिए विभिन्न भाषाओं को सेट करने के लिए किया जाता है।

**Comments**

- **Show Markup –** इस विकल्प का उपयोग एनोटेशन या टिप्पणियों को दिखाने/छिपाने के लिए किया जाता है।
- **New Comment –** इस विकल्प का उपयोग किसी अनुभाग या चयनित टेक्स्ट के लिए एक टिप्पणी (Comment) जोड़ने के लिए किया जाता है।
- **Edit Comment –** इस ऑप्शन का इस्तेमाल किसी भी कमेंट को एडिट करने के लिए किया जाता है।
- **Delete –** इस विकल्प का उपयोग चयनित टिप्पणी को हटाने या स्लाइड/प्रेजेंटेशन में सभी टिप्पणियों को हटाने के लिए किया जाता है।
- **Previous –** इस विकल्प का उपयोग पिछली टिप्पणी को को देखने के लिए किया जाता है।
- **Next –** इस विकल्प का उपयोग अगली टिप्पणी को देखने के लिए किया जाता है।

**Protect**

- **Protect Presentation –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन के लिए रिस्ट्रिक्ट परमीशन को को सेट करने के लिए किया जाता है, ताकि केवल चयनित उपयोगकर्ता ही प्रेजेंटेशन का उपयोग सकें।

# PowerPoint मे View Tab का उपयोग




Microsoft PowerPoint में View Tab का उपयोग विभिन्न व्यू मोड में प्रेजेंटेशन स्लाइड्स को देखने के लिए किया जाता है, ताकि हम मास्टर्स, हैंडआउट्स, नोट्स मास्टर आदि को संपादित कर सकें। Microsoft PowerPoint में View Tab का उपयोग करके टूल्स को हाइड/अनहाइड भी कर सकते हैं, स्लाइड्स को ज़ूम इन/आउट कर सकते हैं, कई प्रेजेंटेशन विंडो जोड़ सकते हैं और मैक्रो आदि रिकॉर्ड कर सकते हैं। Microsoft PowerPoint में View Tab के रिबन को Presentation Views, Show/Hide, Zoom, Color/Grayscale, Window और Macro नाम से कई सेक्शन में विभाजित किया गया है। Microsoft PowerPoint में View Tab का उपयोग क्या है, View Tab के सभी सेक्शन्स व उनके ऑप्शन्स के बारे में विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

**Presentation Views**

- •**Normal –** यह प्रेजेंटेशन का एक सामान्य और डिफ़ॉल्ट व्यू है। इस व्यू में प्रेजेंटेशन की एक स्लाइड प्रदर्शित होती है जो एक्टिव होती है, इसके साथ लेफ्ट साइड मे एक विंडो भी प्रदर्शित होती है जो दो भागों मे बटी होती है; Slide टैब मे सभी स्लाइड्स के थंबनेल प्रदर्शित होते हैं, और Outline टैब मे स्लाइड की हेडिंग्स प्रदर्शित होती हैं।
- •**Slide Sorter View –** इस व्यू में सभी स्लाइड एक साथ प्रदर्शित होती हैं। इसके द्वारा हम आसानी से स्लाइड्स को क्रम मे व्यस्थित कर सकते हैं।
- •**Notes Page –** यह व्यू स्पीकर नोट्स को संपादित करने के लिए एक्टिव स्लाइड को नोट के साथ प्रदर्शित करता है।
- •**Slide Show –** यह व्यू पूर्ण स्क्रीन मोड में स्लाइड शो प्रारंभ करता है।
- •**Slide Master –** इस व्यू के द्वारा स्लाइड के डिजाइन, स्लाइड लेआउट और स्लाइड मास्टर्स को एडिट किया जा सकता है।
- •**Handout Master –** यह व्यू प्रिंटेड हैंडआउट्स के डिजाइन और लेआउट को एडिट करने की अनुमति देता है, जैसे कि हम प्रिंटेड हैंडआउट मे स्लाइडों की कुल संख्या, दिनांक और समय, हेडर और फुटर आदि को एडिट कर सकते हैं।
- •**Notes Master –** यह व्यू नोट्स मास्टर पेजों के लिए डिज़ाइन और लेआउट को बदलने की अनुमति देता है, जैसे कि हम दिनांक और समय, हेडर और फुटर, बैकग्राउंड, नोट्स और स्लाइड ओरिएंटेशन आदि को बदल सकते हैं।

**Show/Hide**

- •**Ruler –** इस विकल्प का प्रयोग स्लाइड के रूलर को दिखाने/छिपाने के लिए किया जाता है।
- •**Gridlines –** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड के लिए ग्रिडलाइन्स को दिखाने/छिपाने के लिए किया जाता है। ग्रिडलाइन का उपयोग स्लाइड्स में किसी ऑब्जेक्ट को अलाइन करने के लिए किया जाता है।
- •**Message Bar –** इस विकल्प का प्रयोग मैसेज बार को दिखाने/छिपाने के लिए किया जाता है।

**Zoom**

- **Zoom –** इस विकल्प का उपयोग करके हम स्लाइड के लिए ज़ूम स्तर को प्रीसेट आकार मे या कस्टम आकार के अनुसार सेट कर सकते हैं।
- **Fit to Window –** यह विकल्प स्लाइड को विंडो में फिट करने के लिए ज़ूम स्तर को स्वचालित रूप से समायोजित करता है।

**Color/Grayscale**

- **Color –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन को कलर मोड में दिखाने के लिए करते हैं।
- **Grayscale –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन को ग्रेस्केल मोड में दिखाने के लिए करते हैं।
- **Pure Black and White –** इस विकल्प का उपयोग प्रेजेंटेशन को प्योर ब्लैक एण्ड व्हाइट मोड में दिखाने के लिए करते हैं।

**Window**

- **New Window –** यह विकल्प एक्टिव प्रेजेंटेशन की एक नई विंडो जोड़ता है।
- **Arrange All –** यह विकल्प सभी खुली हुई विंडो को स्क्रीन पर साथ-साथ व्यवस्थित करता है।
- **Cascade –** इस विकल्प का उपयोग स्क्रीन पर सभी खुले सभी प्रेजेंटेशन को कैस्केड करने के लिए किया जाता है, ताकि वे ओवरलैप हो जाएं।
- **Move Split –** विंडो के अलग-अलग सेक्शन को अलग करने के लिए स्प्लिटर को मूव करने के लिए इस विकल्प का उपयोग किया जाता है।
- **Switch Window –** इस विकल्प का उपयोग एक से अधिक खुली हुई विंडो को स्विच करने के लिए किया जाता है।

**Macros**

- **Macros –** इस विकल्प का उपयोग मैक्रो रिकॉर्ड करने के लिए, रिकॉर्ड किए गए मैक्रोज़ की सूची देखने के लिए तथा रिकॉर्ड किए गए मैक्रो को रन कराने के लिए किया जाता है। मैक्रो माइक्रोसॉफ्ट पॉवरपॉइंट में एक प्रोग्राम है, जिसका उपयोग माउस क्रियाओं और कीस्ट्रोक्स सहित किसी कार्य को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए रिकॉर्ड किया गया कार्य फॉर्मैटिंग और कीस्ट्रोक के साथ कोई भी टेम्पलेट हो सकता है। मैक्रो फीचर रिपीटेबल काम के लिए सबसे उपयोगी है, अगर कोई काम हम समय-समय पर दोहराते हैं, तो हम मैक्रो का उपयोग करके इसे रिकॉर्ड कर सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर रन करा सकते हैं।